राजस्थान सरकार

# राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

# हवामहल

## बच्चों का झरोखा

11 फरवरी 2023: शनिवार: वर्ष – 03: अंक – 44

### छुक छुक रेल चली
आज की कविता

छुक छुक करती रेल चल तो पड़ी है लेकिन ये जा कहाँ रही है ? कोई कहता है ये नानी के घर जा रही है, कोई कहता है मामा के घर जा रही है। तुम्हें क्या लगता है रेल कहाँ जा रही है? तुम रेल में बैठकर कहाँ जाना चाहोगे? किसको किसको अपने साथ ले जाना चाहोगे? चलो सुनते हैं रेल की ये कविता । कविता सुनने के लिए चित्र पर क्लिक करो ।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Aayu Rhymes

### शरारती गिलहरी
आज की कहानी

चुनचुन गिलहरी की शरारतों से जंगल में सब परेशान थे। माँ किट्टू उसे हमेशा समझाती थी लेकिन चुनचुन माँ की कोई बात नहीं सुनती थी। एक बार माँ कुछ दिनों के लिए जंगल से बाहर गई। कालू कौवे को जिम्मेदारी सौंपी कि वह चुनचुन का ध्यान रखे। लेकिन चुनचुन ने अपनी मनमानी कर ही डाली। फिर क्या हुआ? कहानी देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Maha Cartoon TV

### मोबाइल फोन
आज की किताब

मोबाइल फोन का उपयोग करना किसे अच्छा नहीं लगता? मोबाइल के बिना आज की दुनिया की कल्पना करना कितना मुश्किल है? घर बैठे, चलते, सोते-जागते कहीं से भी पूरी दुनियां से जुड़ जाना, यह केवल आज के समय में मोबाइल से ही संभव है। लेकिन आपको पता है मोबाइल फोन काम कैसे करता है? आज की कहानी में जानते है मोबाइल कैसे काम करता है। चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

### घुमक्कड़ गुब्बारा
आज की गतिविधि

गुब्बारा उड़ता है, गुब्बारा फटाक की आवाज के साथ फूटता है और गुब्बारा दीवार में चिपक भी जाता है। लेकिन क्या कभी आपने गोल गोल घूमने वाला गुब्बारा देखा है? बहुत ही मजेदार है ये बात। आप ये खिलौना बना सकते हैं। इसके लिए आपको चाहिए एक गुब्बारा, एक स्ट्रा, एक रबर बैन्ड और एक पेपर पिन। विधि देखने चित्र पर क्लिक करें।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindgupta Toys

### बच्चो से सीखना
टीचर्स कॉर्नर

बच्चे अपनी भाषा और संवाद की समझ लेकर स्कूल आते हैं। अक्सर स्कूल और किताबों की मानक भाषा से उसका टकराव होता है। ऐसे में बच्चों की सीखने की गति और स्कूल में उसके टिके रहने की संभावना दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ता है। महेश झरबड़े बता रहे हैं कि बच्चों से उनकी मातृभाषा सीख कर आप स्कूल की उनकी राह आसान बना सकते हैं। पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Pathshala

### बच्चों को बताना बंद करें
हमारा पुस्तकालय

बच्चे अपनी तरह से देखते -समझते और सीखते हैं। हम यूं ही उन्हें हर चीज बताने के पीछे पड़े रहते हैं। बच्चे दुनिया को देख रहे होते हैं और अपने तरीके से उसका अर्थ बना रहे होते हैं। स्वीडन की मशहूर बाल साहित्यकार और 'कजरी गाय' श्रृंखला की रचयिता यूया विसलेन्डर से कमलेश जोशी की बातचीत इस आलेख में है। पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Sandarbh

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 146वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।